# चित्रकूट-पुलिस

**(1). “मिशन शक्ति फेज- 5.0” महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की नई दिशा”**

**दिनांक-06.10.2025**

**“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5”**

**थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महाराजा छत्रसाल जूनियर स्कूल में छात्राओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया**

**थाना भरतकूप पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत राजकीय हाईस्कूल भरतकूप में छात्राओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया**

**“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी मानिकपुर श्री श्री प्रकाश यादव, महिला आरक्षी संयोगिता, महिला आरक्षी कल्पना, आरक्षी गजेन्द्र द्वारा महाराजा छत्रसाल जूनियर स्कूल मानिकपुर में, उ0नि0 बलवन्त यादव थाना भरतकूप,मुख्य आरक्षी महेश कुमार,महिला आरक्षी प्रीति पाठक द्वारा राजकीय हाईस्कूल भरतकूप में चौपाल लगाकर“मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**

**इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-**

**1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।**

**2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।**

**3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।**

**महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ**

**1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**

**1090 – वीमेन पावर लाइन**

**181 – वीमेन हेल्पलाइन**

**112 – पुलिस आपातकालीन सेवा**

**102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस**

**108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा**

**1098 – चाइल्ड लाइन**

**101 – अग्निशमन सेवा**

**1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।**

**इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की**

शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री शिवआसरे के मार्गदर्शन में थाना बरगढ़ की पुलिस टीम द्वारा कुल 10 अभियुक्तों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।

उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह चौकी प्रभारी हरदीकलां थाना बरगढ़ व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1.इन्द्रेश द्विवेदी पुत्र विजय कुमार द्विवेदी 2.दद्दे पाण्डेय पुत्र त्रिवेणीप्रसाद पाण्डेय 3. अजय तिवारी पुत्र स्व0 राजनारायण तिवारी 4.राजू द्विवेदी पुत्र स्व0 बेनी प्रसाद द्विवेदी 5. प्रदुम्न दुबे पुत्र अनिल कुमार द्विवेदी 6.सुन्दरलाल केशरवानी पुत्र स्व0 सत्यनारायण केशरवानी 7. मनीष कुमार केशरवानी पुत्र हरिश्चन्द्र केशरवानी 8. सुधीर जैन उर्फ रिंकू पुत्र सतीश जैन 9. अनुराग पाण्डेय उर्फ अमित पाण्डेय पुत्र मुकुन्द बिहारी निवासीगण कस्बा व थाना बरगढ़ 10.सियाराम कोल पुत्र छोटेलाल निवासी नबादा गुइया थाना बरगढ जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 12700 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 1380/- रुपये बरामद किये गये।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री राधेश्याम सिहं चौकी प्रभारी हरदीकलां
2.मुख्य आरक्षी घासीराम
3.मुख्य आरक्षी आदित्य
4.आरक्षी उपेन्द्र
5.आरक्षी पीयूष सरन
6.आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार

(3). आज दिनांक 06.10.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में

**एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा/खोया हुआ कुल 78 अदद मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख 40 हजार रूपये का बरामद किया गया।**

**उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष व CEIR पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे,जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम व थानों को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे। प्रभारी एसओजी/सर्विलांस टीम निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस एवं थानों के टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 78 अदद गुमशुदा/खोया हुआ मोबाइल की बरामदगी करते हुए आज दिनाँक-06.10.2025 को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस की भूरी-भूरी प्रसंशा की।**

**बरामदगीः-**

**78 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख 40 हजार रूपये)**

**बरामदगी करने वाली टीमः-**

**1. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी**
**2. मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार**
**3. मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया**
**4. आरक्षी रोहित सिंह**
**5. आरक्षी आशीष यादव**
**6. आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा**
**7. आरक्षी पवन राजपूत**
**8. आरक्षी राघवेन्द्र**
**9. आरक्षी रोशन सिंह**
**10.आरक्षी गोलू भार्गव**

**(4).**पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अभिषेक सिंह व उनकी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त पुष्पराज सिंह पुत्र फूलचन्द्र निवासी ग्राम गढवा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को एक अदद झोले में कुल 09 किलो 400 ग्राम सूखा नाजायज गांजा के साथ नवनिर्मित श्मशान भूमि भरथौल रोड थाना भरतकूप से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगी-

09किलो 400 ग्राम सूखा गांजा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री अभिषेक सिंह
2.उ0नि0 श्री अतीन्द्र सिंह चौहान
3.मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र सिह

4.आरक्षी प्रवीण पाण्डेय
5.आऱक्षी शक्ति सिंह

(5).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह व उनकी टीम द्वारा मु0अ0स0 50/20 धारा 128 द0प्र0सं0 के वारण्टी अभियुक्त वारिस अली पुत्र अहमद अली उर्फ मो0 अली निवासी ग्राम हटवां थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह
2.आरक्षी सोनपाल
3.आरक्षी चालक संदीप यादव

6. आज दिनांक 06.10.2025 को निरीक्षक श्री नरेश कुमार प्रजापति,आरक्षी रामविलास यादव व आरक्षी शिवम द्विवेदी थाना साइबर टीम,चौकी प्रभारी खोह श्री रामअधार सिंह व चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री सनी चतुर्वेदी,म0का० रानी व अन्य महिला आरक्षियों द्वारा ग्राम शिवरामपुर व ग्राम खोह कर्वी में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें प्रतिभागियों की संख्या लगभग 100-110 थी।
इस जागरुकता कार्यक्रम के तहत सभी आमजन को साइबर अपराध से बचाव हेतु जानकारी दी गयी जिसमें बचाव के प्रमुख बिन्दु निम्न है- 1.किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण व एटीएम कार्ड नम्बर व पिन नम्बर सी0वी0वी0 तथा ओटीवी नम्बर,एस0एम0एस0 न बताये। 2.एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करे व किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें । 3.अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन,ई-मेल,एस0एम0एस0 फेसबुक,व्हाट्सएप पर कभी भी न दें। 4.आधार कार्ड,पैन कार्ड,राशन कार्ड,नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें। 5.बोनस प्वाइंट,रिवार्ड प्वाइंट,कैशबैक,के0बी0सी0 आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। 6.किसी प्रकार का रिमोट एप्स जैसे टीमविवर,ऐनी डेक्स आदि किसी के कहने पर मोबाइल में इनस्टॉल न करें। 7. कम समय में पैसा डबल करने,क्रिप्टो में इन्वेस्टमेंट कर ज्यादा रिटर्न मिलने जैसे लुभावने स्कीम के लालच में न आयें। 8. फेसबुक,इस्टाग्राम,ब्लॉग,ट्विटर चैट रूम आदि जैसे किसी भी ऑनलाइन प्लेटफार्म सोशल नेटवर्किंग साइटस पर अपनी निजी जानकारी जैसे घर का पता,फोन नम्बर,जन्मतिथि और जन्म स्थान आदि तथा वर्तमान लोकेशन कभी भी शेयर न करें। 9. पुलिस/साइबर अधिकारी के नाम की काल आने पर आपके बच्चे के द्वारा बलात्कार,किडनैपिंग का केस बता कर या आपके द्वारा पोर्न विडियों देखने का आरोप लगाकर आपसे पैसे की मांग की जाये तो बिलकुल न घबराये, और न ही कोई पैसे भेजें। 10.साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं0 1930 पर तुरन्त कॉल करें। इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और www.cybercrime.gov.in पर भी रिपोर्ट करने हेतु बताया गया।

7. पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 वांछित 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री बलवन्त यादव मय हमराह मुख्य आरक्षी महेश कुमार, आरक्षी आदर्श गुप्ता व महिला आरक्षी प्रीति पाठक थाना राजापुर द्वारा मु0अ0सं0 143/2025 धारा 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के वांछित अभियुक्त 1. धीरज कुमार उर्फ पप्पू प्रजापति पुत्र स्व0 बुद्दा अभियुक्ता 2.श्रीमती दुबसिया पत्नी स्व0 बुद्दा निवासीगण पहरा हाल पता ग्राम भारतपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii).उ0नि0 श्री रमेश चन्द्र थाना राजापुर द्वारा परिवार न्यायालय वाद संख्या 273/2022 व 273/2024 धारा 1325 द0प्र0सं0 व 144(3) बीएनएसएस थाना राजापुर के रिकवरी वारण्टी अभियुक्त वीरू उर्फ वीरेन्द्र कुमार पुत्र कल्लू निवासी ग्राम पटवा थाना खालसा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।